Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to sanction and construct Alwar-Dadri railway line-laid.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): NH-152डी जो कोटपूतली(राजस्थान) से ईस्माईलाबाद(पंजाब) तक वाया नारनौल-दादरी व हरियाणा प्रदेश के अन्य शहरों से गुजरते हुए जायेगा । यह भारतमाला का प्रोजेक्ट है । हाल ही में इस राजमार्ग का राजस्थान के कोटपूतली से अलवर तक विस्तार किया गया है । नांगल चौधरी में दिल्ली-मुम्बई कोरिडॉर का निर्माण किया जारहा है जो अलवर से इस राजमार्ग के द्वारा दिल्ली–मुम्बई को जोडेगा । अलवर से दादरी वाया नारनौल-महेंद्रगढ रेलवे की मेरे संसदीय क्षेत्रवासियों की बहुत पुरानी मांग है । जिस प्रकार के.एम.पी. राजमार्ग के साथ-साथ रेलवे लाईन की मंजूरी की है । मेरा निवेदन है कि अलवर-दादरी रेलवे लाईन को भी NH-152D के साथ–साथ मंजूर करके बनवाया जाए । इस रेलवे लाईन के लिए ज्यादा जमीन की जरुरत नही होगी क्योंकि ज्यादातर जमीन एन.एच.ए.आई. ने अधिकृत की हुई है । अगर यह रेलवे लाईन (पैसेंजर/मालगाडी) बिछवा दी जाए तो पंजाब से मुम्बई तक हरियाणा प्रदेश का जुडाव आसानी से हो जायेगा । और राष्ट्रीय राजमार्ग पर कम दबाव रहेगा ।